आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

रायपुर, रविवार 31 जनवरी 2021, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-327 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

न खाऊंगा न खाने दूंगा वाली बात भी एक जुमला बन गई है। लोग दबाकर खा रहे हैं। खिलाने वाले उन्हें दोनों हाथों से खिला रहे हैं। विश्व में भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली रैकिंग एजेंसी ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने जो ताजा आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक सिर्फ 2015 में भ्रष्टाचार पर थोड़ा अंकुश लगा था। उसके बाद स्थिति जस की तस हो गई। 2020 में भ्रष्टाचार सबसे ज्यादा बढ़ गया। कोरोना काल में भी भ्रष्टाचार का बढ़ना वाकई हैरत की बात है। लगता है कि सरकार कोई भी हो वह हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे वाली नीति को नहीं त्याग सकती।

धान पर ध्यान से रच दिया 'सुराजी गांव' में एक और कीर्तिमान

■ समर्थन मूल्य पर खरीदा गया रिकॉर्ड 92 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा धाना

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश की भूपेश सरकार ने चालू खरीफ सीजन में समर्थन मूल्य पर 92 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीदी कर नया कीर्तिमान बनाया है। ये आंकड़ा आया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन, जिसके अपने अलग मायने हैं। यह कीर्तिमान बापू की ग्राम स्वराज की संकल्पना पर काम कर रही प्रदेश सरकार के लिए अहम साबित होगा। इस बार प्रदेश के पिछली बार से ज्यादा किसान आर्थिक तौर पर मजबूत होंगे। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी इजाफा होगा। बता दें कि राज्य में समर्थन मूल्य पर चालू खरीफ विपणन सीजन में कुल पंजीकृत किसानों में से रिकार्ड 95.38 प्रतिशत किसानों ने धान बेचा। धान बेचने वाले किसानों की संख्या इस साल सबसे अधिक है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार 29 जनवरी धान खरीदी का अंतिम दिन था। इस वर्ष पंजीकृत 21 लाख 52 हजार 475 किसानों में से 20 लाख 53 हजार 483 किसानों ने अपना धान बेचा है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बापू की प्रतिमा का अनावरण

मुख्यमंत्री बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जैतू साव मठ में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। साथ में कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा भी मौजूद रहे।

अंतर की राशि किश्तों में

छत्तीसगढ़ देश का इकलौता राज्य हैं जहां समर्थन मूल्य पर भूपेश सरकार आने के बाद धान की खरीद 2500 रूपए क्विंटल हो रही है। केन्द्र सरकार द्वारा हालांकि सामान्य धान का समर्थन मूल्य 1868 रूपए घोषित कर रखा है। किसानों को केन्द्र द्वारा तय राशि बिक्री के तुरंत बाद उनके खातों में स्थानान्तरित कर दी जाती है जबकि अन्तर की शेष राशि राजीव गांधी न्याय योजना के तहत किश्तों में भुगतान की जाती है।

किसानों का उपवास, केंद्र प्रस्ताव पर अटल

▶ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आंदोलनकारी किसानों ने रखा एक दिन का उपवास

▶ सर्वदलीय बैठक में पीएम मोदी बोले-कृषिमंत्री के किसानों को दिए प्रस्ताव पर सरकार अब भी कायम

नई दिल्ली/ए.। केंद्र के लाए तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोल कर रहे किसानों ने शनिवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुणतिथि पर गांधीगीरी दिखाते हुए एक दिन का उपवास रखा। वहीं दूसरी ओर सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा सरकार केंद्रीय कृषिमंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किसानों को दिए गए अपने प्रस्ताव पर अब भी कायम है। इस बैठक में कांग्रेस नेता गुलाम नबी आज़ाद, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, शिवसेना सांसद विनायक राउत और शिरोमणि अकाली दल के बलविंदर सिंह भुंडर ने किसान आंदोलन पर अपना पक्ष रखा। वहीं, जेडीयू का प्रतिनिधित्व कर रहे राज्यसभा सांसद आरसीपी सिंह ने कृषि कानूनों का समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को विभिन्न राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिंघु, टीकरी और गाजीपुर बॉर्डर में इंटरनेट बंद

हरियाणा के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राजधानी दिल्ली में सिंघु, गाजीपुर, टीकरी बॉर्डर और उनके आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। यहां 29 जनवरी को रात 11 बजे से 31 जनवरी को रात 11 बजे तक के लिए इंटरनेट सेवा पर रोक लगाई गई है। सरकार ने सभी निजी और सरकारी टेलिकॉम कम्पनियों से इन आदेशों का पालन करने को कहा है। माना जा रहा है कि सरकार ने ये आदेश किसान आंदोलन के मद्देनजर क्षेत्र में शांति, सार्वजनिक व्यवस्था तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी किए हैं।

किसानों से सरकार सिर्फ एक फोन कॉल दूर

सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन कर रहे किसानों को लेकर बड़ी बातें कहीं। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार किसानों से बातचीत को हमेशा तैयार है। किसानों से कृषि मंत्री की ओर से किया गया वादा आज भी कायम है। कहा, 'किसानों से सरकार सिर्फ एक फोन कॉल दूर है।'

कृषि कानूनों को वापस लेने की गुहार लगाई : चौधरी

सर्वदलीय बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार की ओर से किसान नेताओं को कहा गया कि सरकार की तरफ से जो प्रस्ताव आपके सामने पेश किया गया है, जब आप मन बना लेंगे और नतीजे पर पहुंच जाएंगे तो तोमर साहब एक फोन कॉल की दूरी पर हैं। हमने कृषि कानून को वापस लेने की गुहार लगाई।

बस टैंकर की भिड़त में 10 की मौत, 11 घायल

मुरादाबाद/ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद के कुंदरकी क्षेत्र में शनिवार को टैंकर और बस के बीच हुयी भिड़ंत में कम से कम 10 यात्रियों की मृत्यु हो गयी जबकि 11 से अधिक घायल हो गये।

खास- खबर

धमाके वाली जगह से मिला धमकी भरा खत

नई दिल्ली/ए.। राजधानी दिल्ली में इजरायली दूतावास के बाहर हुआ धमाका भले ही छोटा था, लेकिन इसके पीछे किसी बड़ी साजिश की आशंका जाहिर की जा रही है। जैश उल हिंद नाम के एक अनजान से आतंकी सगंठन ने इस आईईडी धमाके की जिम्मेदारी ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां अभी इसकी जांच कर रही हैं। वहीं धमाके वाली जगह मिले लेटर में जो बातें लिखी हैं उससे कुछ संकेत जरूर मिल रहे हैं। इस लेटर में छोटे धमाके को ट्रेलर बताया गया है। इससे पहले 2012 में भी इजरायली दूतावास के वाहन को दिल्ली में निसाना बनाया गया था उस समय जांच में ईरानी एजेंसियों की संलिप्तता की बात सामने आई थी।

बॉम्बे हाईकोर्ट की जज को स्थायी करने की सिफारिश वापस

नई दिल्ली/ ए.। पोक्सो को लेकर दो फैसलों से विवादों में आई बॉम्बे हाईकोर्ट की जज जस्टिस पुष्पा गनेदीवाला को लेकर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने फैसला किया है। कोलेजियम ने जस्टिस पुष्पा गनेदीवाला की परमानेंट जज के रूप में पुष्टि को होल्ड पर रखा है। कॉलेजियम ने 20 जनवरी को स्थायी न्यायाधीश के रूप में उनकी पुष्टि की सिफारिश की थी, लेकिन बच्चों के साथ यौन शोषण के दो मामलों में विवादास्पद निर्णयों के बाद, एससी कोलेजियम ने अपनी सिफारिश को वापस लेते हुए अपने फैसले को पलट दिया है।

क्यूबा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में पांच मृत

मॉस्को/ ए.। क्यूबा के पूर्वी क्षेत्र में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी है। क्यूबा डिबेट अखबार ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि यह घटना शुक्रवार तड़के हुई जब हेलिकॉप्टर होलग्विन प्रांत से गुआतंनामो जा रहा था। हेलिकॉप्टर कथित तौर पर एक पर्वतीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय के एक आयोग ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

बदमाशों ने एटीएम को विस्फोट कर उड़ाया, लूटे रूपये

सतना (वार्ता)। मध्यप्रदेश में सतना जिले के बिरसिंहपुर थाना क्षेत्र के शिव चौक के पास लगे एक बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाशों ने विस्फोट कर उड़ाया और उसमें रखी नगदी लूट ली है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बिरसिंहपुर के शिव चौक में लगे एक्सिस बैंक के एटीएम को शुक्रवार रात बदमाशों ने ब्लास्ट कर उड़ा दिया है।

पीएम, राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति ने दी बापू को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली/(वार्ता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 73वीं पुण्यतिथि के मौके पर शनिवार को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बापू की समाधि स्थल राजघाट पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी महात्मा गांधी को

श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजघाट पहुंचे। इससे पहले कोविंद ने ट्वीट कर कहा, 'कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि के मौके पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। हमें शांति, अहिंसा, सादगी, साधनों की पवित्रता और विनम्रता के उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। आइए हम उसके सत्य और प्रेम के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

न्यूज गैलरी

दुष्कर्मी गिरफ्तार

दुर्ग। जिले के पाटन ब्लॉक में पदस्थ ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के उपअभियंता शैलेन्द्र वर्मा को दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डिप्टी इंजीनियर के खिलाफ पूर्व प्रेमिका ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाई है। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई। महिला का आरोप है कि डिप्टी इंजीनियर के साथ उसका 2002 से प्रेम.प्रसंग था। जिसके बाद शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक शोषण करता रहा, लेकिन जब शादी करने का बात आई तो दूसरी महिला से शादी कर ली। जबकि पीड़िता ने उसके साथ रहने की इच्छा जताई थी। जिस पर उसने रहने से इनकार कर दिया। तब पीड़ित महिला ने सिटी कोतवाली थाना में दुष्कर्म का अपराध दर्ज कराई।

मौन श्रद्धांजलि

रिसाली। देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को निगम अधिकारियों व कर्मचारियों ने याद किया। शहीदों को दो मिनट मौन श्रद्धांजलि देने कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे एकत्रित हुए। इसके बाद महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के अवसर पर नशामुक्ति के लिए शपथ लेते 100 अधिकारी.कर्मचारियों ने संकल्प पत्र भरा। अपर कलेक्टर व निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के मार्ग दर्शन में नए कार्यालय भवन में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

विकास की राह पर चल रही छग सरकार : गुरु

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार आज ग्राम ननकट्ठी में आयोजित गुहा निषाद राज सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि छग की भूमि सामाजिक समरसता की भूमि है। यहाँ सभी वर्ग मिलजुलकर रहते हैं। मुख्यमंत्री बघेल की सरकार प्रदेश को आर्थिक विकास की राह पर आगे बढ़ाने के साथ ही सामाजिक समरसता बढ़ाने की दिशा में भी काम कर रही है। छग महतारी की सांस्कृतिक संपदा को सहेजने के दृष्टिकोण से सरकार ने विशेष रूप से कार्य किया है। हमारे त्योहार तीजा, हरेली आदि पर अवकाश घोषित किया गया है। हरेली के मौके पर सभी लोग उत्साह से गेड़ी चढ़े। मंत्री ने कहा कि नरवा, गरूवा, घुरूवा, बाड़ी योजना के माध्यम से ग्रामीण विकास की दिशा में अहम कार्य किया जा रहा है। मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था से ही शहरी अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। गोधन न्याय योजना के माध्यम से पशुपालन की भी तरक्की होगी। कृषि अर्थव्यवस्था तभी विकसित होगी जब पशुपालन, मत्स्यपालन जैसे कार्य भी बराबरी के साथ होंगे। पीएचई मंत्री ने कहा कि शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा सबके लिए सुनिश्चित करने की दिशा में हम लोग विशेष रूप से कार्य कर रहे हैं। सभी घरों में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

श्रीराम रथ का हुआ जगह-जगह स्वागत

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण धन संग्रह कार्य हेतु कुम्हारी नगर में पहली बार श्री राम रथ का निर्माण किया गया है इस रथ वार्ड नंबर 15 दुर्गा मंदिर प्रांगण में भिलाई जिला संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजमहंत सांवलाराम डाहरे के द्वारा विधिवत पूजा पाठ किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 9 के पार्षद निश्चय वाजपेयी एवं वार्ड 15 की पार्षद रागिनी निषाद, मंडल अध्यक्ष पीएन दुबे, कुम्हारी थाना प्रभारी आशीष यादव, वरिष्ठ नेता राकेश पांडेय, योगेश साहू, सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष गोल्डी गोस्वामी, पूर्व पार्षद राजू निषाद, सत्यव्रत राय, दीपक चतुर्वेदी, कमलेश चौबे, फिंगेश्वर साहू, कैलाश सोनकर, दयालुराम वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता कुर्रे, पूर्व पार्षद कमला निषाद, एस सुतार, रीता पांडेय, आयुषी पांडेय, गीता निर्मलकर, नीता वागले उपस्थित थे। तत्पश्चात यह रथ नगर पालिका परसदा ग्राम के लिए प्रस्थान हुआ ए वहां से श्रीराम रथ ग्राम कुगदा होते हुए खारुन ग्रीन पहुंचा एवं वहां से जंजगिरी होते हुए ग्राम रामपुर पहुंचे एवं दिन के अंतिम पड़ाव में शंकरनगर वार्ड 10 होते हुए पुनः वार्ड नंबर 15 शनि मंदिर प्रांगण में रथयात्रा का समापन किया गया।

निगम जनदर्शन में प्राप्त हुए 44 आवेदन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम मुख्य कार्यालय में तय समय प्रातः 11 से 1.30 बजे तक निगम सभागार में जनदर्शन आयोजित हुआ। जनदर्शन में आज कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 6 आवेदन का त्वरित निराकरण किया गया। निराकरण करने वाले आवेदन में एक आवेदन आवास से तथा अन्य राशन कार्ड से संबंधित था। लोगों की समस्याओं, शिकायतों के निराकरण करने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। प्राप्त आवेदन के विषयों एवं समस्याओं को समझकर संबंधित विभागों को निराकरण के लिए अग्रेषित भी किए। निर्धारित समय पर ही आवेदक अपनी समस्याओं को लेकर जनदर्शन में आना प्रारंभ कर दिए थे, वहीं विभागीय अधिकारी भी समय पर उपस्थित हो गए थे। आज अलग.अलग विषयों से संबंधित कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए।

सातवीं बटालियन परिसर में ओपन जिम का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। छग सशस्त्र बलए भिलाई के सातवीं बटालियन परिसर में ओपन जिम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता और पार्षद जयश्री जोशी व सीजू एंथोनी उपस्थिति में हुए कार्यक्रम के दौरान वाहिनी में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया। वोरा ने स्थानीय विधायक निधि से ओपन जिम निर्माण के लिए 6.50 लाख की राशि मंजूर की थी। इस राशि से वाहिनी परिसर के बाल उद्यान, तातापानी आवासीय परिसर, वाहिनी सरोवर, 64 ब्लॉक आवासीय परिसर और महानदी आवासीय परिसर में ओपन जिम स्थापित किये गए हैं। ओपन जिम के उद्घाटन के दौरान विधायक वोरा ने महात्मा ग़ांधी का स्मरण करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने और उनका अनुसरण करने की बात कही। इस मौके पर वोरा ने वाहिनी तालाब के चारों ओर 7 लाख की लागत से पाथ.वे निर्माण और 4.36 लाख की लागत से हाईमास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति दी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि निगम का सम्पूर्ण क्षेत्र बेहतर सुविधाओं के साथ स्वच्छ बनाया जा रहा है। वार्ड पार्षद ने वाहिनी में हो रहे समस्त कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आवश्यकता होने पर निगम से सहायता दी जाएगी। ओपन जिम निर्माण में सातवीं वाहिनी के सेनानी विजय अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में वोरा ने 22 से 29 अक्टूबर तक आयोजित शहीद सप्ताह के दौरान खेल प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम में निखिल खिचारिया, अजय जैन, एसएन सिंह सहित वाहिनी के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारी सहित पुलिस परिवार उपस्थित थे।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लछनी साहू पति समयलाल साहू निवासी ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 207 का टु. रकबा 1000.5 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता शिवनारायण साहू पिता विजयराम साहू अन्य निवासी ग्राम पोटियाकला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.05.2015 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202101100700350

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सतीश कुमार घरडे पिता स्व. श्यामराव घरडे निवासी ग्राम आमापारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1297/20 रकबा 0.007 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार रविशंता पति श्यामराव घरडे की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेतनलाल साहू पिता स्व. केशवराम साहू निवासी ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 405/1, 407/2, 407/3 रकबा 0.6190, 0.0360, 0.2020 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंजली लखोटिया पति विक्रय लखोटिया निवासी ग्राम महेश कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 130/33 रकबा 0.028 भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता गोकुलदास लखोटिया आ. गोपाल लखोटिया के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 26.12.2018 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विक्रम लखोटिया पिता स्व. गोकुलदास लखोटिया निवासी ग्राम महेश कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 215/15, 18, 27, 29 रकबा 0.217 भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता गोकुलदास लखोटिया आ. गोपाल लखोटिया के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 26.12.2018 को पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/ अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री राकेश कनौजिया आ. बाबूलाल कनौजिया साकिन रुआबांधा द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 701/4 रकबा 0.030 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता दशरथ देशमुख आ. भगेला से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.02.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका पायल ताम्रकार पिता/पति कमल ताम्रकार साकिन अमलेश्वर द्वारा ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 701/1 रकबा 0.040 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता केदार देशमुख आ. भगेला व अन्य से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.02.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्री आदित्य सिंह आ. कुंजलाल सिंह साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 645/76 रकबा 0.007 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता नीलिमा गजपाल आ. प्रदीप गजपाल से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 19.02.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-27/वर्ष 2021-22
ग्राम कोड़िया प.ह.न. 27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवती प्रसाद साहू आ. स्व. श्रीराम नारायण साकिन कोड़िया प.ह.न. 27 तहसील धमधा जिला दुर्ग ने ग्राम कोड़िया में स्थित शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नं. 222, 592, 657, 678, 591, 658, 144, 223, 20, 31, 73, 75, 116, 119, 124, 125, 225 रकबा 0.05, 0.27, 0.53, 1.01, 0.24, 0.54, 0.30, 0.05, 0.19, 0.11, 0.08, 0.34, 0.17, 0.16, 0.08, 0.13, 0.05 हे. भूमि का बटवारा कराना चाहता है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को खाता विभाजन के संबंध में कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 12.02.2021 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज ईश्तहार आज दिनांक 28.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202012100400127

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती कमला वर्मा पिता/ पति कमल नारायण वर्मा निवासी जबलपुर द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 242/31, 243/3 रकबा 0.026 हें अर्थात 2800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसके संबध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत 07 दिवस के भीतर तक स्वयं अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.12.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्रं./अ-06/वर्ष 2020-21

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चुन्नूराम आ. जिवराखन निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम मचांदुर तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1021/2 रकबा 0.140 हें भूमि जो कि योगेश्वर आ. जिवराखन के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी योगेश्वर आ. जिवराखन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विघिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रकाशचंद जैन पिता धनराज जैन निवासी देवकर तह. साजा जिला बेमेतरा मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग द्वारा खसरा नंबर 202/85 रकबा 0.022 हे. भूमि प्रकाशचंद आ. ओमशरण गुप्ता है जो विक्रेता के पति का नाम क्रेता के पिता के जगह में लिखा गया है। जिसे सुधार कर प्रकाशचंद जैन आ. धनराज जैन करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 15.02.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सतीश कुमार पिता श्यामराव धरडे निवासी नया आमापारा वार्ड नं. 12 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 654/21 रकबा 0.010 हे. 1075 वर्गफीट रविकांता धरडे के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 13.12.2018 को हो जाने के कारण वारीसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 10.02.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश ठाकुर पिता स्व. धनऊराम ठाकुर निवासी वार्ड 15 सिकोलाबस्ती दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 71/39 रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार रमेश ठाकुर पिता स्व. धनऊराम ठाकुर से दिनांक 02.12.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.02.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुजीत सरकार पिता एम.पी. सरकार निवासी म.न. 39 सी.जी. चरोदा भिलाई जिला दुर्ग मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 57/325 रकबा 0.019 हे. भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार मंजू सिरमौर पिता/ पति रवि सिरमौर से दिनांक 23.12.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.02.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री दीपक कुमार केशरवानी आ. श्री शंकरलाल केशरवानी निवासी रिसाली कालोनी आशीष नगर पूर्व तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम सांकरा प.ह.न. 08 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 505 रकबा 0.020 हें. अर्थात 2000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 06.02.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.01.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री गंगाराम व अन्य आ. सुरितराम साकिन खोपली के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न. 43 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1103 रकबा 0.21 हे. भूमि विक्रेता रंजय सिंह आ. वीरबहादुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.08.2020 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 18.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री दिनेश बाजपेयी आ. स्व. लक्ष्मण प्रसाद बाजपेयी साकिन इस्पात नगर रिसाली के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1013/11 रकबा 0.014 हे. भूमि विक्रेता आर. दिनेश पिता स्व. एम राघवदास साकिन सेक्टर 06 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 11.04.2019 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 26.01.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 12.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कोमल तोमनलाल पिता श्यामलाल जाति मरार निवासी खम्हरिया तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम पर भूस्वामी जमीन वाके मौजा खम्हरिया प.ह.न. 40 स्थित भूमि खसरा नंबर 57 रकबा 0.1700 हे. लगान 0.25 रु राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिससे उसका नाम कोमल दर्ज है जो कि उसका घरेलू नाम है। आवेदक के समस्त शाला अभिलेख, आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य समस्त अभिलेखो में उसका नाम तोमनलाल है वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम उर्फ में दर्ज कर कोम उर्फ तोमनलाल पिता श्यामलाल दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 05.02.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.01.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती प्रगति उपाध्याय पति श्री नीलू कुमार उपाध्याय निवासी पाण्डेय डेयरी के पास हरी नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं कि मैं सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी दुर्ग के कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत हूं कि मेरे सर्विस रिकार्डो में मेरा नाम प्रगति आर्य आ. श्री एमील मसीह है जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में यही नाम अंकित है कि मेरा विवाह हो जाने से विवाह के पश्चात मेरा नाम श्रीमती प्रगति उपाध्याय पति श्री नीलू कुमार उपाध्याय हो गया है एवं मै मेरे सर्विस रिकार्डो में मेरा नाम सुधार कर श्रीमती प्रगति उपाध्याय पति श्री नीलू कुमार उपाध्याय ही दर्ज किया जायेगा एवं इसी नाम से भविष्य में मुझें जाना व पहचाना जावे तथा भविष्य में मेरे सभी दस्तावेजों में यही नाम दर्ज करवाना चाहती हूं जिस हेतु मैंने श्रीमान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट दुर्ग छ.ग. के समक्ष एक शपथ पत्र भी निष्पादित कर लिया हैं।

सो सूचना जावे।

मुहर — श्रीमती प्रगति उपाध्याय, निवासी पाण्डेय डेयरी के पास हरिनगर दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं दिनेश मानिकपुरी पिता श्री एफ.डी मानिकपुरी निवासी क्वा. नं. 15/डी ई पाकेट मरोदा सेक्टर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई (सेल बी.एस.पी) में कार्यरत् हूं मेरा पर्सनल नं. 151616 है। मेरे संयंत्र के अभिलेखों में मेरे पुत्र नमशित मानिकपुरी का नाम त्रुटिवश नमशित नंदन मानिकपुरी (NAMSHIT NANDAN MANIKPURI) दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र के शाला अभिलेख, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में उनका नाम नमशित मानिकपुरी (NAMSHIT MANIKPURI) दर्ज है जो की सत्य व सही है। मैं अपने भिलाई इस्पात संयंत्र भिलाई के समस्त अभिलेखो में अपने पुत्र का वास्तविक एवं सही नाम नमशित मानिकपुरी दर्ज करवाना चाहता हूं। जिस हेतु मुझे शासकीय गजट में प्रकाशन करवाने की आवश्यकता है। मैं अपने पुत्र के नाम सुधार कर नमशित मानिकपुरी (NAMSHIT MANIKPURI) दर्ज कराने हेतु शासकीय गजट में प्रकाशन हेतु शासकीय मुद्राणालय राजनांदगांव जिला राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत करता हूं।

मुहर — शपथकर्ता, दिनेश मानिकपुरी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202011101000219
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कचान्दुर प.ह.न. 00017 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
ऋषि कुमार निर्मलकर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार निर्मलकर पिता स्व. नंदकिशोर पता रायपुर द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 830/1, 347 रकबा 0.1068, 0.640 हे. है जो उसके स्व. माता गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर की मृत्यु को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.02.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.01.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202011101000218
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कचान्दुर प.ह.न. 00017 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
ऋषि कुमार निर्मलकर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार निर्मलकर पिता स्व. नंदकिशोर पता रायपुर द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 346, 348 रकबा 0.090, 0.290 हे. है जो उसके स्व. माता गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर की मृत्यु को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.02.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.01.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202011101000217
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कचान्दुर प.ह.न. 00017 हे.)
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-
ऋषि कुमार निर्मलकर
अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ऋषि कुमार निर्मलकर पिता स्व. नंदकिशोर पता रायपुर द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 166, 809, 887, 920 कुल रकबा 1.930 हे. है जो उसके स्व. माता गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी गंगाबाई पति स्व. नंदकिशोर की मृत्यु को हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर सहखातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी-1, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर या दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.02.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21.01.2021 को जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

नकली ऑयल बेचते 4 दुकानदार गिरफ्तार

रायपुर। ऑटों पार्टस की दुकानों में केस्ट्रोल आयल का लेबल लगा नकली ऑयल बेचते पाए जाने पर पुलिस ने चार दुकानों में रेड की कार्रवाही कर 1 लाख 48 हजार 437 रुपये का नकली आयल जब्त किया है। मिली जानकारी के असार टिकरापारा पुलिस ने 29 जनवरी को दिलीप कुमार 42 वर्ष निवासी एन साकेत नगर बगहाबाबा रोड रुस्तमपुर गोरखपुर यूपी की सूचना पर टिकरापारा क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 3.30 बजे राजू ऑटो सेंटर ,नरेन्द्र ऑटों ,पार्टस ,यूएस ट्रेडर्स पचपेड़ीनाका ,सेफ ऑटों सेंटर दुकान में केस्ट्रोल कंपनी का लेबल लगाकर नकली ऑयल बेचते पाये जाने दुकानदारों के कब्जे से 1 लाख 48 हजार 437 रुपये का आयल जब्त कर दुकानदारों के खिलाफ कापी राईट एक्ट की धारा 63,104 के तहत दुकानदार राजेश राजपूत पिता ओमप्रकाश,संतोष देवांगन,मोहम्मद तहकी कुरैशी एवं मोहम्मद असरफ अंसारी के खिलीाफ कानूनी कार्रवाई की गई है।

शराब दुकान में युवक हुआ पाकिटमारी का शिकार

रायपुर। शराब खरीदने के दौरान एक व्यक्ति के जेब से मोबाईल फोन चोरी कर लेने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रवेली मुजगहन निवासी सुनील अग्रवाल 31 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि ग्राम छोटे उरला अंग्रेजी शराब दुकान में 29 जनवरी को दोपहर 3.40 बजे दो अज्ञात व्यक्तियों ने शराब खरीदने के दौरान जेब में रखे 1 नग रेडमी कंपनी का मोबाईल अनुमानित कीमत 8500 रुपये को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध कायम कर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, मामला दर्ज

रायपुर। गिरफ्तार कर उसके पास से एक नग चाकू जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी टावर के पास अमलीडीह रायपुर में मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने 29 जनवरी को दोपहर 3.30 बजे के आसपास एक व्यक्ति को चाकू लहराकर आने जाने वालों को डराने की सूचना पर घेराबंदी कर राजेन्द्रनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से 1 नग स्टील का कटारनुमा चाकू जब्त की है। पकड़े गए आरोपी का नाम पता पुछने पर उसने अपना नाम राहुल बोय उर्फ जंगली आयु 19 वर्ष पिता संतोष बोय निवासी बीएसयूपी कालोनी ब्लॉक नंबर बी मकान नंबर 27 अमलीडीह न्यू राजेन्द्रनगर बताया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्सएक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्रवाही की गई है।

हादसे में दो बाइक चालकों की मौत, एक घायल

रायपुर। रोड एक्सीडेन्ट में नेवरा क्षेत्र में अलग-अगल जगहों पर दो बाईक सवार की मौत हो जाने व एक व्यक्ति की घायल हो जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम उडेला सुहेला बलौदाबाजार निवासी योगेश्वर साहु 37 वर्ष ने 29 जनवरी को थाने में शिकातयत दर्ज करायी है कि 28 जनवरी को शाम 4.15 बजे 22 मील चौक ग्राम लखना तिल्दा के पास प्रार्थी के छोटे भाई रुप नारायण साहु 30 वर्ष पिता अर्जुन साहु को मोटरसाइकिल से जाते समय तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 04 केवाय 0403 के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुये ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।
इसी तरह तिल्दा खरोरा मेन रोड ग्राम कोनारी के पास 27 जनवरी

निधन

रायपुर। पुरानी बस्ती रायपुर निवासी विद्या प्रकाश श्रीवास्तव 70 वर्ष का आज उनके पैतृक गांव कजरा (साजा) में ह्रदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कजरा के मुक्तिधाम में किया गया ।

होगी उत्पादों की ब्रांडिंग, तैयार होगा डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क

- वनोपजों, उद्यानिकी और कृषि फसलों के प्रसंस्करण से तैयार उत्पादों को लेकर सीएम गंभीर
- मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों व वन विगाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में वनोपजों, उद्यानिकी और कृषि फसलों के प्रसंस्करण से तैयार किए जा रहे उत्पादों की ब्रांडिंग और उनका सुदृढ़ डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क तैयार करने के निर्देश सभी जिला कलेक्टरों और वन विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इन उत्पादों की एक ब्रांड के रूप में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग की सुदृढ़ व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा है कि राज्य के विभिन्न जिलों में अनेक वनोपजों, हार्टीकल्चर एवं कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण का

कार्य किया जा रहा है।

जिलों के भ्रमण में मिली ये जानकारी

जिलों में भ्रमण के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई है कि जिले स्तर पर विभिन्न वस्तुओं का उत्पादन तथा प्रसंस्करण तो हो रहा है किन्तु ब्रांडिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क न होने के कारण इन प्रयासों का समुचित लाभ ग्रामीणों को नहीं हो रहा है। राज्य के आदिवासी और ग्रामीण भाईयों को कच्चे माल के संग्रहण तथा प्रसंस्करण का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि विभिन्न जिलों में उत्पादित होने वाले उपयोगी उत्पादों की ब्रांडिंग एवं वितरण का कार्य लघु वनोपज संघ द्वारा संचालित ''संजीवनी दुकानों एवं निजी क्षेत्र की मदद लेकर किया जाए।

केंद्र की आर्थिक सहायता को लेकर भी दी जानकारी

मुख्यमंत्री ने निर्देशों में यह भी कहा है कि विभिन्न जिलों में उत्पादित विभिन्न सामग्रियों के ''उत्पादन केन्द्र'' को यदि ''वन धन केन्द्र'' के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए, तो प्रति केन्द्र 15 लाख रूपए की आर्थिक सहायता केन्द्र सरकार से तत्काल प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने राज्य के ग्रामीणों क्षेत्रों में उत्पादित होने वाली समस्त वस्तुओं की एक ब्रांड के रूप में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग की सुदृढ़ व्यवस्था करने के निर्देश सभी कलेक्टरों एवं वन विभाग के संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

मड़ई मेला से हो रहा छग की संस्कृति को सहेजने का काम : डॉ. डहरिया

- नगरीय प्रशासन मंत्री ने बोरिद में शाला भवन का किया लोकार्पण

रायपुर। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया आरंग विकासखण्ड़ के ग्राम बोरिद में आयोजित मड़ई मेला और विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मड़ई मेला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने का काम हो रहा है। राज्य की सरकार भी छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परम्परा को सहेजने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ यहा के तीज-त्यौहारों में शासकीय अवकाश देने की शुरूआत की गई है। नौकरी में भी स्थानीय लोगों को अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में मड़ई मेला खुशियों का त्यौहार है। गांव के लोग आपसी-भाईचारें के बीच इस मेले को आयोजित कर मनाते हैं। इस तरह का आयोजन गांव में होता रहे और

आप सभी सुख-शांति से सद्भावनापूर्वक रहे यहीं कामना है।

मंत्री डॉ. डहरिया ने बोरिद में शाला भवन के अतिरिक्त सभाकक्ष एवं अन्य कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने गांव में सीसी रोड़, अहाता निर्माण के लिए राशि देने की घोषणा भी की। बोरिद की सभा में उन्होंने कहा कि हमारे किसान ही इस प्रदेश और देश की नींव और अर्थव्यवस्था है। किसान मजबूत होंगे तो गांव और प्रदेश मजबूत होगा, देश मजबूत होगा। इसलिए सरकार द्वारा सबसे पहले सभी किसानों का कर्ज माफ किया । मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि किसानों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। बिजली बिल भी हाफ किया गया है। स्थानीय बेरोजगारों की भर्ती भी शुरू कर दी गई है। 36 में से 24 वादे पूरे कर दिए गए हैं, जल्दी ही शेष वादों को भी पूरा कर दिया जायेगा। सभा को जनपद अध्यक्ष श्री खिलेश देवांगन, सरपंच श्री गौतम चंद्राकर, कोमल साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल सुकमा दौरे पर जाएंगे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 1 फरवरी को प्रदेश के सुकमा जिले के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान श्री बघेल जिले वासियों को कई विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री श्री बघेल अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 01 फरवरी को दोपहर 12 बजे हेलीकाप्टर से सुकमा पहुचेंगे। यहां पहुंचने के बाद वे वहां स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सुकमा का लोकार्पण करेंगे। साथ ही स्कूल का भ्रमण भी करेंगे। दोपहर 12.30 बजे वे सुकमा के ज्ञानोदय परिसर जाएंगे, जहां जिला ग्रंथालाय का लोकार्पण एवं अवलोकन करेंगे। इस दौरान वे सुकमा स्टडी क्लब में छात्रों से चर्चा भी करेंगे।तत्पश्चात श्री बघेल मिनी स्टेडियम जाएंगे जहां वे विभिन्न विभागों की विकास प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ-साथ हितग्राहियों को सामग्री वितरण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कई विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

समाज कल्याण मंत्री की अध्यक्षता में नशा मुक्त छग बनाने लिया गया संकल्प

- महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नशामुक्ति के लिए लोगों ने ली शपथ

रायपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर समाज कल्याण मंत्री तथा छत्तीसगढ़ योग आयोग की अध्यक्ष श्रीमती अनिला भेंड़िया की अध्यक्षता में रायपुर के कलेक्टोरेट उद्यान परिसर में शनिवार 30 जनवरी को सुबह 8 बजे नशामुक्ति संकल्प एवं शपथ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने नशामुक्त छत्तीसगढ़ बनाने का आव्हान किया और जनसामान्य तथा अधिकारी- कर्मचारियों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई। छत्तीसगढ़ योग आयोग के फेसबुक लाईव के माध्यम से रायपुर के बाहर निवासरत योग साधक एवं जनसामान्य द्वारा आनलाइन संकल्प एवं शपथ लिया गया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ योग आयोग और समाज कल्याण विभाग के रायपुर जिला कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण और नशामुक्ति के पक्ष में जनमत विकसित करने के उद्देश्य से किया गया। भेंड़िया ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद राज्यगीत 'अरपा पैरी के धार.....', रामधुन और नशामुक्ति के गीतो के साथ नशामुक्ति कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने छत्तीसगढ़ योग आयोग के सक्रिय 55 नशामुक्ति योग दूतों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उन्होंने राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की पुस्तिका 'महात्मा गांधी और प्राकृतिक चिकित्सा' का भी अनावरण किया।

इस अवसर पर श्रीमती भेंड़िया ने लोगों को नशामुक्ति के लिए

सहायता

रायपुर श्री प्रगतिशील महिला मंडल दावड़ा कालोनी पचपेड़ी नाका के द्वारा कुलदीप निगम वृद्धाश्रम माना कैम्प में पहुंच कर रोजाना उपयोग होने वाले अनाज एवं मसाले दान किये एवं बुजुर्गों को स्वल्पाहार कराया गया ।

अनुपमा पांडेय शिक्षादूत से हुई सम्मानित

शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव में पढ़ाती हैं अनुपमा पांडे

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। शासकीय और निजी शालाओं में शिक्षा स्तर को जन-जन द्वारा आकलन किया जाता है और अधिकतर पालक अपने बच्चों को निजी विद्यालय में दाखिला दिलाते हैं। ऐसी स्थिति में निजी विद्यालय की ओर बढ़ते हुए जनमानस के रुझान को बदलने के लिए शासकीय विद्यालय में गंभीरतापूर्वक शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसी प्रकार रायपुर जिला में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन आज दिनांक 27/01/2021 को चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन स्कूल में किया

गया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर एस .के. भारद्वाज जिला शिक्षा अधिकारी , विकास खंड शिक्षा, अधिकारी बीआरसीसी रायपुर शहरी , सत्यदेव वर्मा एमआईसी प्रमुख ,अरविंदो सोसाइटी से पवन द्विवेदी उपस्थित थे। जिनके द्वारा अनुपमा पांडे शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव विकासखंड धरसीवा, जिला रायपुर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के तहत '' शिक्षादूत '' सम्मान से अलंकृत किया गया।

कोरोना संक्रमण से 45 स्वस्थ हुए, 370 नए केस

रायपुर। कोरोना वायरस कोविड 19 का संक्रमण अब प्रदेश में धीरे धीरे कम हो रहा है। एंटी वायरस वैक्सिन के आने से एक तरफ जहां प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। वहीं कोरोना संक्रमण की गति में कमी आने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। एम्स हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. नितिन एम नागरकर, मेकाहारा की स्वच्छता कर्मी मंगला, बीएसपी स्थित सेक्टर 9 हास्पिटल के चिकित्सक एवं राजधानी के निजी क्षेत्र के बड़े चिकित्सा संस्थानों के मेडिकल डायरेक्टर एवं सुपर स्पेशिलिस्ट चिकित्सकों द्वारा एवं उनके पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा कोरोना संक्रमण रोधी टीका लगवाकर फेसबुक के माध्यम से लोगों को कोरोना वैक्सिन का टीका लगवाने के लिए जहां प्रेरित किया जा रहा है वहीं अभी भी प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मरीजों के मिलने से सावधानी बरतने की अपील नोडल अधिकारी डॉ. सुभाष पांडेय ने

आमजनों से की है।

